गलिते प्रविलङ्घ्य मोहनीं मायाम् ।
सलिले सलिलं क्षीरे
क्षीरमिव ब्रह्मणि लयी स्यात् ॥५१॥*

इत्थं	= इस प्राकर	सलिलं	= पानी की भांति
द्वैत-विकल्पे	= द्वैत की भावना के	क्षीरमिव	= दूध में दूध की नाईं (योगी भी)
गलिते	= मिटने पर	ब्रह्मणि	= परब्रह्म में
मोहनीं	= छलने वाली	लयी	= लीन
मायाम्	= माया को	स्यात्	= हो जाता है ॥५१॥
प्रविलङ्घ्य	= पार करके,		
सलिले	= पानी में		

इत्थं तत्त्वसमूहे
भावनया शिवमयत्वमभियाते ।
कः शोकः को मोहः
सर्वं ब्रह्मावलोकयतः ॥५२॥

इत्थं	= इसी भांति	सर्वं	= सम्पूर्ण (जगत) को
भावनया	= स्वरूप के परामर्श से	ब्रह्म	= शिवमय (ही)
तत्त्व समूहे	= (ब्राह्य रूप में भासमान) तत्त्व-जाल के	अवलोक्यतः	= देखने वाले (ज्ञानी) को
शिवमयत्वम्	= शिव रूप	कः शोकः	= काहे का शोक और
अभियाते	= दीखने पर	कः मोहः	= काहे का मोह है ॥५२॥

---

* ऊपर-वर्णित ५१वीं कारिका तथा अगली ५२वीं कारिका में आचार्य अभिनवगुप्त जी, पहिले कहे गये विश्वात्म-भावना के फल की ओर संकेत करते हैं कि कैसे इस विश्वात्म-भावना का अनुशीलन करने से योगी परम-शिव-भाव में सदा के लिए तल्लीन बन जाता है।

कर्मफलं शुभमशुभं
मिथ्याज्ञानेन संगमादेव ।
विषमो हि संगदोष-
स्तस्करयोगोऽप्यतस्करस्येव ।।५३।।

(इस पशु-प्रमाता को)
शुभम् = शुभ (पुण्य रूप)
च = और
अशुभम् = अशुभ (पाप रूप)
कर्म-फलं = कर्मों का फल
मिथ्या- = विपरीत
ज्ञानेन = ज्ञान से
संगमादेव = लिपटे रहने से ही होता है।
इव = जैसे
अतस्करस्य = कभी भी चोरी न करने वाले सज्जन को
अपि = भी
तस्कर-योगः = चोरों के साथ संपर्क होने का दोष लगता है,
हि = क्योंकि (कहा है कि)
संगदोषः = संगति का दोष
विषमः = विकट होता है ।।५३।।

लोकव्यवहारकृतां
य इहाविद्यामुपासते मूढाः ।
ते यांति जन्ममृत्यू
धर्माधर्मार्गलाबद्धाः ।।५४।।

इह = इस संसार में
ये = जो
मूढाः = मूर्ख
लोकव्यवहार- = लोकव्यवहार से
कृताम् = उत्पन्न हुई
अविद्याम = भेद-प्रथा के
उपासते = शिकार हो जाते हैं,
ते = वे
धर्म- = पुण्य-
अधर्म- = पाप रूपी
अर्गल = बन्धनों में
आबद्धाः = जकडे जाकर
जन्म- = जन्म और
मृत्यु = मरण को (पुनः पुनः)
यांति = प्राप्त होते हैं ।।५४।।

अज्ञानकालनिचितं
धर्माधर्मात्मकं तु कर्मापि ।
चिरसंचितमिव तूलं
नश्यति विज्ञानदीप्तिवशात् ॥५५॥

चिर-	= चिरकाल	धर्म	= धर्म (और)
संचितं	= इक्ट्ठी की गई	अधर्म	= अधर्म
तूलं	= रूई	आत्मकन्	= रूप
इव	= जैसे (अग्नि से जल कर राख हो जाती है वैसे ही)	कर्म	= कर्म
		अपि	= भी
अज्ञान-	= अज्ञान	विज्ञानदीप्ति-	= ज्ञानरूपी लपट के
काल-	= दशा में	वशात्	= द्वारा
निचितम्	= संचित किया गया	नश्यति	= नष्ट होता है॥५५॥

ज्ञानप्राप्तौ कृतमपि
न फलाय ततोऽस्य जन्म कथम् ।
गतजन्मबन्धयोगो
भाति शिवार्कः स्वदीधितिभिः ॥५६॥

ज्ञान-प्राप्तौ	= आत्म-ज्ञान के प्राप्त होने पर	कथम्	= कैसे अर्थात् किस फल के आधार पर हो सकता है।(अतः)
कृतम्	= किया गया (शुभ या अशुभ) कर्म	गत-जन्म	= आवागमन रूपी
अपि	= भी	बन्ध-योग	= बन्धन से छूटा हुआ
फलाय	= फल	शिव-अर्कः	= शिव रूपी सूर्य बना हुआ (यह) योगी
न	= नहीं देता है ।		
ततः	= तब	स्वदीधितिभिः	= अपनी ही चिदरश्मी रूपी किरणों से
अस्य	= इस (ज्ञानी) का		
जन्म	= जन्म	भाति	= प्रकाशित होता है ॥५६॥

तुष[1]कम्बुक[2]किंशारुक[3]-
मुक्तं बीजं यथाङ्कुरं कुरुते ।
नैव, तथाणवमाया-
कर्मविमुक्तौ भवाङ्कुरं ह्यात्मा ॥५७॥

तुष- = तुष,
कंबुक- = कुंबुक
किंशारुक- = किंशारुक से
मुक्तं = छूटा हुआ
बीजं = शालीका बीज अर्थात् चावल
यथा = जैसे
अंकुरं = कोंपल
नैव = नहीं
कुरुते = उपजाता है
तथा = वैसे ही तो
आणव- = आणव-मल,
माया- = मायीय-मल, (और)
कर्म- = कार्ममल से
विमुक्तः = मुक्त बनी हुई (यह)
आत्मा = आत्मा
भवाङ्कुरं = संसार रूपी अंकुर को
(न कुरुते) = नहीं उत्पन्न करती है ॥५७।

आत्मज्ञो न कुतश्चन
बिभेति सर्वं हि तस्य निजरूपम् ।
नैव च शोचति यस्मात्
परमार्थे नाशिता नास्ति ॥५८॥

आत्मज्ञः = आत्म-ज्ञानी
कुतश्चन = किसी से भी
न = नहीं
बिभेति = डरता है
हि = क्योंकि
तस्य = उसे
सर्वम् = यह संपूर्ण (जगत्)
निजरूपम् = अपना ही स्वरूप है।
(सः) = वह
नैव च = कदापि भी
शोचति = शोक नहीं करता,
यस्मात् = यतः
परमार्थे = शुद्ध प्रमातृ-भाव के प्राप्त होने पर
नाशिता = नाश (किसी भी दशा में)
नास्ति = नहीं होता है।॥५८॥

1तुष= शाली का जो प्रथम छिलका अलग किया जाता हैं, उसे संस्कृत में तुष कहते हैं।
2कंबुक=छिलके के पश्चात् अब जो चावल प्रकट होता है उस चावल के ऊपरी छिलके को संस्कृत में कुंबुक कहते हैं।
3किंशारुक=अति प्राचीन किस्म की शाली के पीछे महीन छोटी-छोटी दुम सी लगी होती थी उसे संस्कृत में किंशारुक कहते हैं।

अतिगूढहृदयगञ्ज-
प्ररुढपरमार्थरत्नसंचयतः ।
अहमेवति महेश्वर-
भावे का दुर्गतिः कस्य ॥५९॥

अतिगुढ	= अत्यन्त गुप्त	महेश्वर-	= महेश्वरत्व के
हृदय-गंज	= हृदय रूपी कोष में	भावे	= सिद्ध होने पर
प्ररूढ-	= उत्पन्न हुए	का	= कौन सी
परमार्थ-रत्न	= परमार्थ रूपी रत्न के	दुर्गतिः	= दुर्गति अर्थात् मित-सिद्धियों के प्रति आकर्षण
संचयतः	= संग्रह से	कस्य	= किस (परम योगी) को हो सकता है ॥५९॥
अहमेव	= मैं ही (शिव) हूं		
इति	= इस प्रकार		

मोक्षस्य नैव किंचिद्
धामास्ति न चापि गमनमन्यत्र ।
अज्ञानग्रन्थिभिदा
स्वशक्त्यभिव्यक्तता मोक्षः ॥६०॥

मोक्षस्य	= मोक्ष का	गमनन्	= जाना अर्थात् लय होना मोक्ष है। (सत्य तो यह है कि)
किंचित्	= कोई भी (निश्चित) स्थान,	अज्ञान-	= अज्ञान रूपी
धाम	= ठांव	ग्रन्थि	= गंठी
नैव	= नहीं	भिदा	= काटने से
अस्ति	= है	स्वशक्ति-	= अपनी (मूलभूत) चिदानन्द आदि शक्तियों का
न च	= और नहीं	अभिव्यक्तता	= प्रकट होना ही
अन्यत्र	= किसी अन्य (द्वैतवादियों से अभिमत) द्वादशान्त आदि धारणा-देश में	मोक्षः	= मोक्ष कहलाता है ॥६०॥
अपि	= ही		

भिन्नाज्ञानग्रन्थि-
गतसन्देहः पराकृतभ्रान्तिः ।
प्रक्षीणपुण्यपापो
विग्रहयोगेऽप्यसौ मुक्तः ॥६१॥

भिन्न-अज्ञान-ग्रन्थिः = अज्ञान रूपी गुत्थी जिसकी खुल गई है,
गत-सन्देहः = (आत्म-अनात्म-संबन्धी) संशय जिस का मिट चुका है,
पराकृत-भ्रान्ति = (द्वैत्य-संबन्धी) भ्रम जिसका दूर हो गया है,
प्रक्षीण-पुण्य = पुण्य और
पापः = पाप जिसके चुक गये हैं,
असौ = (ऐसा) यह योगी
विग्रह = शरीर-धारण करते
योगे अपि = हुए भी
मुक्तः = मुक्त ही है ॥६१॥

अग्न्यभिदग्धं बीजं
यथा प्ररोहासमर्थतामेति ।
ज्ञानाग्निदग्धमेवं
कर्म न जन्मप्रदं भवति ॥६२॥

यथा = जैसे
अग्नि- = अग्नि में
अभिदग्धम् = भुना गया
बीजम् = (शाली का) बीज
प्ररोह- = उग
असमर्थताम् = नहीं
एति = पाता है,
एवं = ऐसे ही
ज्ञान-अग्नि- = ज्ञान रूपी अग्नि से जला हुआ
कर्म = (शुभाशुभ) कर्म,
जन्म- = जन्म का
प्रदम् = कारण
न = नहीं
भवति = बनता है ॥६२॥

परिमितबुद्धित्वेन हि
कर्मोचितभाविदेहभावनया ।
संकुचिता चितिरेतद्
देहध्वंसे तथा भवति ॥६३॥

परिमित-	= सीमित बनी हुई द्वैत रूपी	चितिः	= संवित्
बुद्धित्वेन	= बुद्धि से	ए	= इस (संसार के कर्म-फलों को भोग करने वाले)
कर्म-उचित	= किये हुए कर्मों के अनुसार	देह-	= शरीर के
भाविदेह	= नये जन्म में मिलने वाले शरीर की	ध्वंसे	= नष्ट होने पर
भावनया	= भावना से	तथा	= उसी प्रकार की
संकुचिता	= सिकुडी हुई या यूँ कहें कि आणव, मायीय तथा कार्ममल के संपर्क में आई हुई	भवति	= बनती है अर्थात् जिस-जिस कामना से जो-जो पूर्व कर्मों के फल उपार्जित किये हूं उन्हीं को भोग करने वाले शरीरों को धारण करने वाली बनती है॥६३॥

यदि पुनरमलं बोधं
सर्वसमुत्तीर्णबोद्धृकर्तृमयम् ।
विततमनस्तमितोदित-
भारूपं सत्यसंकल्पम् ॥६४॥
दिक्कालकलनविकलं
ध्रुवमव्ययमीश्वरं सुपरिपूर्णम् ।
बहुतरशक्तिव्रात-
प्रलयोदयविरचनैककर्तारम् ॥६५॥

सृष्ट्यादिविधिसुवेधस-
मात्मानं विश्रमयं विबुद्ध्येत ।
कथमिव संसारी स्याद्
विततस्य कुतः क्व वा सरणम् ॥६६॥ (तिलकम्)

पुनः = अब
यदि = यदि (कोई प्रमाता)
अमलम् = आणव आदि मलों से रहित,
बोधम् = ज्ञान स्वरूप
सर्व-समुत्तीर्ण = सभी तत्वों से परे,
बोद्धृ-कर्तृमयम् = ज्ञातृ रूप और कर्तृरूप,
विततम् = व्यपपक
अनस्तमित् = कभी न अन्त होने वाले,
उदित-भारूपम्= उज्ज्वल प्रकाश-स्वरूप
सत्य-संकल्पम्- = शुद्ध संकल्पों से युक्त,
दिक्-काल-कलन-= देश और काल के
विकलम् = लगाव से रहित,
ध्रुवम् = अटल,
अव्ययम् = अविकारी,
ईश्वरम् = सभी ऐश्वर्य से युक्त,
सु- = पूर्ण-रूप से
परिपूर्णम् = आकांक्षा रहित,
वहुतर = अनेक
शक्तिव्रात = चित् (आदि) शक्ति-समूह से

प्रलय-उदय = (जगत-का) प्रलय तथा सृष्टि
विरचन-एक = करने में
कर्तारम् = अद्वितीय कर्त्ता,
सृष्टि-आदि = सृष्टि, संहार इत्यादि
विधि- = रीति बनाने में
सु- = अत्यन्त कुशल
वेधसम् = कलाकार,
शिवमयम् = कल्याण-स्वरूप
आत्मानम् = स्वात्मा को
विबुदध्येत = जाने
(ततः) = फिर भला
सः = वह
कथमिव = कैसे
संसारी = आवागमन से बंधा हुआ
स्यात् = बन सकता है (ऐसे)
विततस्य = व्यापक (योगी) को
कुतः = कहां से
क्व वा = या किधर
सरणम् = आना-जाना है॥६४,६५,६६,।

इति युक्तिभिरपि सिद्धं
यत्कर्म ज्ञानिनो न सफलं तत् ।
न ममेदमपितु तस्ये-
ति दार्ढ्यतो न हि फलं लोके ॥६७॥*

ज्ञानिनः	= ज्ञानी का	सिद्धम्	= सिद्ध है कि
यत्	= जो	इदम्	= यह यज्ञ मेरा अर्थात् हवन करने
कर्म	= कर्म (होता है)	मम न	= वाले ब्राह्मण का नहीं है
तत्	= वह	अपितु	= किन्तु
न सफलम्	= फल नहीं देता अर्थात् ज्ञानी के सभी कर्म भुने हुए बीज की भांति उग नहीं पाते।	तस्य	= उस हवन रचाने वाले यजमान का है।
इति	= यह कथन	इति	= इस प्रकार की धारणा
लोके (अपि)	= बाह्य-कर्म काण्ड-युक्त संसार में भी	दार्ढ्यतः	= दृढ़ हो जाने से हवन करने वाले ब्राह्मणों को
युक्तिभिः	= इन युक्तियों सें	फलं	= उस हवन का फल
		नहि	= नहीं मिलता है ॥६७॥

---

*नोट: भाव यह है कि जैसे ब्राह्मण जन, यजमान का हवन स्वयं करने पर भी उस के फल को नहीं प्राप्त कर पाते हैं क्योंकि उन को पूर्ण रूप में विश्वास होता है कि यह यज्ञादि कर्म हमारा नहीं अपितु इस यजमान का ही है, इसी प्रकार ज्ञानी भी निष्काम रूप से कर्म करने पर उस के फल को प्राप्त नहीं करते हैं।

इत्थं सकलविकल्पान्
प्रतिबुद्धो भावनासमीरणतः ।
आत्मज्योतिषि दीप्ते
जुह्वज्ज्योतिर्मयो भवति ॥६८॥*

इत्थं	= इस भांति	ज्योतिषि	= अग्नि में
प्रतिबुद्धः	= सजग (ज्ञानी)	सकल-	= सभी
भावना-	= स्वात्म-परामर्श रूपी	विकल्पान्	= विकल्पों की
समीरणतः	= वायु से	जुह्वत्	= आहुति डालता हुआ
दीप्ते	= प्रज्वलित	ज्योतिर्मयः	= तेजोमय
आत्म	= आत्मा रूपी	भवति	= बनता है ॥६८॥

अश्नन् यद्वा तद्वा
संवीतो येन केनचिच्छान्तः ।
यत्र क्वचन निवासी
विमुच्यते सर्वभूतात्मा ॥६९॥

यद्वा-तद्वा	= जो मिले सो	यत्र	= किसी भी तीर्थ अतीर्थ स्थान में
अश्नन्	= खाता हुआ,	निवासी	= रहता हुआ
येन केनचित्	= किसी भी प्रकार के (वस्त्र से अपने शरीर को)	शान्त	= जितेन्द्रय (ज्ञानी)
संवीतः	= ढकता हुआ	सर्वभूतात्मा	= सभी प्राणियों का स्वरूप बना हुआ
च	= और	विमुच्यते	= मुक्त ही हो जाता है ॥६९॥

*नोट: विमर्श-परायण ज्ञानी सभी कर्मों को आत्म-अनुसन्धान-पूर्वक करता हुआ, आत्म-अग्नि में आहुति देता हुआ, ठहरता है अतः यह सदा ज्ञान-रूपी प्रकाश से कांतिमान रहता है ।

हयमेधशतसहस्रा-
ण्यपि कुरुते ब्रह्मघातलक्षाणि ।
परमार्थविन्न पुण्यै-
र्न च पापैः स्पृश्यते विमलः ॥७०॥

परमार्थवित्	= परमार्थ को तात्त्विक रूप से जानने वाला ज्ञानी	(तथापि)	= फिर भी
हयमेध शत सहस्राणि	= हज़ारों अश्वमेध यज्ञ	विमलः	= यह निर्लिप्त (ज्ञानी)
ब्रह्म-घात लक्षाणि	= लाखों ब्रह्महत्यायें	पुण्यैः	= अश्वमेध संबन्धी पुण्यों
अपि	= भी	च	= और
कुरुते	= (क्यों न) करे	पापैः	= ब्रह्म-घात संबन्धी पापों से
		न स्पृश्यते	= अछूता रह जाता है। तात्पर्य यह है कि ऐसे उत्तम ज्ञानी को पुण्य और पापों का बंधन बाधित नही करता ॥७०॥

मदहर्षकोपमन्मथ-
विषादभयलोभमोहपरिवर्जी ।
निस्तोत्रवषट्कारो
जड इव विचरेदवादमतिः ॥७१॥

(इस प्रकार का यह जीवन्मुक्त ज्ञानी)		परिवर्जी	= दूर रहने वाला
मद-	= अहंकार,	अवादमतिः	= (तर्क तथा संशय से) ऊपर उठी हुई बुद्धि वाला,
हर्ष-	= प्रसन्नता,	निःस्तोत्र-	= स्तोत्र पाठ या
कोप-	= क्रोध,	वषट्कारः	= वषट्कार से रहित
मन्मथ-	= काम,	जडः इव	= उदासीन सा
विषाद-	= शोक,	विचरेत्	= विचरता है ॥७१॥
भय-	= डर,		
लोभ-	= लालच (और)		
मोह-	= अज्ञान से		

मदहर्षप्रभृतिरयं
वर्गः प्रभवति विभेदसंमोहात् ।
अद्वैतात्मविबोध-
स्तेन कथं स्पृश्यतां नाम ॥७२॥

मद-	= अभिमान	अद्वैत-	= अभेद रूप बना हुआ
हर्ष	= प्रसन्नता	आत्म-विबोधः	= आत्म-ज्ञानी
प्रभृतिः	= आदि का	तेन	= उस मद आदि वर्ग से
अयम्	= यह	कथम्	= कैसे
वर्गः	= समुदाय	नाम	= भला
विभेद-	= भेद-भाव के कारण होने वाले	*स्पृश्यताम्	= छुआ जा सकता है। अर्थात् उन जीव-विकारों की लपट में कैसे आ सकता है॥७२॥
संमोहात्	= अज्ञान से ही		
प्रभवति	= उत्पन्न होता है		

वासिष्ठ शास्त्र में भी कहा है -

एतावदेव खलु लिंगमलिंगमूर्तेः
संशान्तसंसृतिचिरभ्रमनिर्वृतस्य ।
तज्ज्ञस्य यद् मदनकोपविषादमोह-
लोभापदामनुदिनं निपुणतनुत्वम् ॥

*जब तक द्वैत रूपी भ्रांति होती है तभी तक अहंकार, मोह, हर्ष आदि की कल्पना रहती है। जब बाहर-भीतर सभी शिवमय ही भासित होता है तो मद, मोह आदि का झंझावात इस जीवन्मुक्त का क्या बिगाड सकता है।

स्तुत्यं वा होतव्यं
नास्ति व्यतिरिक्तमस्य किंचन च ।
स्तोत्रादिना स तुष्येत्
मुक्तस्तन्निर्नमस्कृतिवषट्कः ।।७३।।

अस्य	= (इस परमयोगी) का	(यस्य)	= जिसकी
किंचन	= कोई भी (देवता)	स्तोत्र	= स्तुति
व्यतिरिक्तम्	= अपने स्वरूप से भिन्न	आदिना	= आदि करके
स्तुत्यम्	= स्तुति के योग्य	सः	= वह योगी
वा	= अथवा	तुष्येत्	= प्रसन्न बनता
होतव्यम्	= होम करने योग्य	तत्	= अतः (ऐसा जीवनमुक्त योगी)
न	= नहीं	निर्नमस्कृतिः	= नमस्कारों से छूटा
अस्ति	= है ।	*वषट्कः	= वषट्कारों से छूटा हुआ
		मुक्तः	= मुक्त है ।।७३।।

षट्त्रिंशत्तत्त्वभृतं
विग्रहरचनागवाक्षपरिपूर्णम् ।
निजमन्यदथ शरीरं
घटादि वा तस्य देवगृहम् ।।७४।।

---

*हवन के समय देवताओं का नाम लेकर अग्नि में जो घी की आहुति दी जाती है उसे 'वष्ट्' कहते है ।

षट्त्रिंशत् = छतीस
तत्त्व- = तत्त्वों पर
भृतम् = आधारित
विग्रह-रचना = शरीर की बनावट के रूप में
गवाक्ष-परिपूर्णम् = वातायन (रोशनदान) से युक्त
निजम = अपना
अथ = या
अन्यत् = पराया
शरीरम् = शरीर
वा = अथवा
धट- = धडा
आदिः = आदि (भाव वर्ग)
तस्य = उस (योगीन्द्र का)
देव-गृहम् = देवालय (मन्दिर) ही है ।७४।।

तत्र च परमात्ममहा-
भैरवशिवदेवतां स्वशक्तियुताम् ।
आत्मामर्शनविमल-
द्रव्यैः परिपूजयन्नास्ते ।।७४।।*

(स योगी) = वह योगी
तत्र च = उस (देह रूपी देवालय में)
स्व-शक्ति-युताम् = अपनी (ज्ञानमय इन्द्रिय) शक्तियों से युक्त
परमात्म- = परमात्मा अर्थात्
महाभैरव- = महाभैरव रूपी
शिव-देवताम् = चिदात्मा महादेव की
आत्म-आमर्शन = आत्म-विमर्श रूपी
विमल- = अति-निर्मल
द्रव्यैः = (शब्द, स्पर्श, रूप, रस तथा गंध नामक) सामग्री से
परिपूजयन् = प्रति समय पूजा
आस्त = करता रहता है।।७५।।

कहा भी है :

देहो देवालयो देवि! जीवो देवः सदाशिवः ।
त्यजेदज्ञाननिर्माल्यं सोऽहंभवेन पूजयेत् ।।

७५ इस कारिका में अभिनवगुप्त जी ने वास्तविक स्वात्म-पूजा की ओर संकेत किया है। इस पूजा में पुष्प, धूप, दीप आदि, बाह्य सामग्री की आवश्यकता नहीं रहती है।

बहिरन्त:परिकल्पन-
भेदमहाबीजनिचयमर्पयत: ।
तस्यातिदीप्तसंवि-
ज्ज्वलने यत्नाद्विना भवति होम: ॥७६॥**

बहि:	= (शरीर से) बाहर पदार्थ-वर्ग (तथा)	अतिदीप्त-	= अत्यन्त प्रज्वलित
		संवित्	= ज्ञान रूपी
अन्त:	= अन्त:करण में ठहरे हुए सुख, दु:ख आदि	ज्वलने	= अग्नि में
		अर्पयत:	= अर्पण करने वाले
		तस्य	= उस (योगी) को
परिकलप्न-	= कल्पनाओं का रूप धारण करने वाले	यत्नात्	= जौ, घी, ब्राह्मण आदि सामग्री जुटाने के
महा-	= बढे (भयंकर भेद-प्रथा से युक्त)	विना	= बिना अनायास ही
बीज-	= (संसार के रूप में ठहरे हुए) बीज के	होम:	= हवन
		भवति	= सिद्ध होता है ॥७६॥
निचयम्	= समूह को		

**७६उपरोक्त श्लोक में आचार्य जी वास्तविक होम की ओर संकेत करते हैं, जहां हवन-सामग्री के बिना ही महाहोम सिद्ध होता है ।

*७५श्रीमान् आचार्य जी ने श्रीतन्त्रलोक में भैरव का तात्विक अर्थ ऐसे किया है:- भरण-पालन-पोषण करने वाला, रवण-भेद-प्रथा से छूटने के लिए चिल्लाहट करवाने वाला तथा वमन-संसार की सृष्टि करने के लिए उबकाई करने वाले को महाभैरव अर्थात् परमात्मा कहते है ।

ध्यानमनस्तमितं पुन-
रेष हि भगवान् विचित्ररूपाणि ।
सृजति तदेव ध्यानं
संकल्पालिखितसत्यरूपत्वम् ॥७७॥*

हि	= निश्चय करके	तदेव	= वही
एष:	= यही	संकल्प	= योगि-संकल्प के द्वारा संवित् की भित्ति पर
भगवान्	= शिव रूप बना हुआ परम-योगी	आलिखित-	= अंकित
पुन:	= फिर अर्थात् अवधारण करके	अनस्तमित	= कभी समाप्त न होने वाला
विचित्र-रूपाणि	= संसार में दीखने वाले विस्मय-कारी रूपों को	सत्य-	= पारमार्थिक
सृजति	= (बुद्धि-दर्पण में) अवभासित करता रहता है।	रूपत्वम्-	= भावमय अर्थात् प्रथमा भासरूप
		ध्यानम्	= ध्यान
		(भण्यते)	= कहलाता है॥७७॥

भुवनावलीं समस्तां
तत्त्वक्रमकल्पनामथाक्षगणम् ।
अन्तर्बोधे परिवर्तयति
यत्सोऽस्य जप उदित: ।७८॥**

* इस कारिका में भगवान् अभिनवगुप्त जी उस पारमार्थिक ध्यान का उल्लेख करते हैं जो ध्यान कभी भी अस्त नहीं होता अर्थात् जो सदा बना रहता है।

** उपरोक्त कारिका की व्याख्या में योगराजाचार्य ने भुवनों की संख्या दो सौ चालीस कही है किन्तु आचार्य अभिनवगुप्त जी ने भुवनों की संख्या 118 कही हैं, अत: उन्हीं के मतानुसार भुवनों की संख्या 118 ही कही हैं

(अयभ्) = (यह उत्कृष्ट योगी)
यत् = जो कि
समस्ताम् = सभी
भुवन- = (एक सौ अठारह) भुवनों की
आवलीम् = पंक्ति,
तत्त्व-क्रम = छैतीस तत्त्वों की क्रमिक
कल्पनाम् = कल्पना,
अथ = और
अक्ष-गणम् = इन्दियो की वृत्तियों को

अन्तर्-बोधै = संवित् (चेतना) में
परिवर्तयति = घुमाता है अर्थात् पराहन्ता से युक्त प्रत्यवमर्श करता रहता है,
स: = वही
अस्य = इस (योगी) का
जप: = (वास्तविक) जप
उदित: = कहलाता है।।७८।।

सर्वं समया दृष्ट्या
यत्पश्यति यच्च संविदं मुनुते ।
विश्वशमशाननिरतां
विग्रहखट्वाङ्गकल्पनाकलिताम् ।।७९।।
विश्वरसासवपूर्णं
निजकरगं वेद्यखंडककपालम् ।
रसयति च यत्तदेतद्
व्रतमस्य सुदुर्लभं च सुलभं च ।।८०।।

(यह योगी)
समया- = सम अर्थात् अद्वैत
दृष्ट्या = दृष्टि से
यत् = जो
पश्यति = देखता है,
च = और
यत् = जो
विग्रह- = देह रूपी

खट्वांग- = अस्थि-पंजर की
कल्पना = कल्पना से
कलिताम् = गृहीत
विश्व-शमशान = संसार रूपी शमशान में
निरतां = वास करती हुई
संविदम् = स्वात्म-संवित्ति को
मुन्ते = जानता है,
च = और

यत्	= जो	रसयति	= आस्वाद अर्थात् चमत्कार अनुभव करता है ।
विश्व-	= जगत् संबन्धी सभी शब्द, स्पर्श आदि	अस्य	= इस योगी का
रस-	= रस रूपी	तद्-एतत्	= वही यह
आसव-	= मदिरा से	व्रतम्	= व्रत
पूर्णम्	= भरे हुए	सुदुर्लभम्	= बहुत कठिन (भी) है।
निज-	= अपने	च	= और
कर-गम्	= हाथ में रखे हुए अथवा इन्द्रियों में अवस्थित	सुलभम्	= सहज
वेद्य-खंडक-	= प्रमेय-अंश रूपी	च	= भी है ॥७९-८०॥
कपालम्	= खप्पर का (अर्थात् खप्पर में रखे हुए शब्द, स्पर्श, आदि वीर पान का)		

इति जन्मनाशहीनं
परमार्थमहेश्वराख्यमुपलभ्य ।
उपलब्धृताप्रकाशात्
कृतकृत्यस्तिष्ठति यथेष्टम् ॥८१॥

(स योगी)	= (वह योगी)	उपलभ्य	= प्राप्त करके
इति	= इस प्रकार	उपलब्धृता-	= ज्ञाता के रूप में
जन्म-नाश	= जन्म और मृत्यु से	प्रकाशात्	= प्रकट होने से
हीनम्	= रहित	कृतकृत्य:	= सफल-मनोरथ बन कर
परम-अर्थ-	= पर-रूप		
महेश्वर	= महेश्वर-	यथेष्टम्	= मनमाने रूप से
आख्यम्	= भाव को	तिष्ठति	= रमता है॥८१॥

व्यापिनमभिहितमित्थं
सर्वात्मानं विधूतनानात्वम् ।
निरुपमपरमानन्दं
यो वेत्ति स तन्मयो भवति ॥८२॥

इत्थम् = इस प्रकार
अभिहितम् = कहे गये
व्यापिनम् = सर्वव्यापक
सर्व-आत्मानम् = जगत्-आत्मा
विधूत-नानात्वम् = भेदात्मक विविध रूपों को परे झाड कर
निर्-उपम- = उपमा-रहित (अलौकिक)
परम-आनन्दम् = आत्म-बोध रूपी आनन्द को
यः = जो कोई
वेत्ति = जानता है
सः = वह (स्वयं)
तन्मयः = वही (आनन्द)
भवति = बनता है, अर्थात् आनन्दमग्न हो जाता है॥८२॥

तीर्थे श्वपचगृहे वा
नष्टस्मृतिरपि परित्यजन्देहम् ।
ज्ञानसमकालमुक्तः
कैवल्यं याति हतशोकः ॥८३॥

हत-शोकः = (सांसारिक) संतापों से छूटा हुआ (उत्तम योगी)
(मृत्युकाले) = (मृत्यु के समय)
नष्ट-स्मृतिः = स्मरण-शक्ति के समाप्त होने पर
अपि = भी
तीर्थे = पुण्य-स्थान में
वा = या
श्वपच- = चमार के
गृहे = घर में
देहम् = शरीर को
परित्यजन् = छोडता हुआ
ज्ञान-समकाल= ज्ञान-प्राप्ति के समय ही
मुक्तः = बन्धन-रहित बना हुआ
कैवल्यम् = शिव-भाव को
याति = प्राप्त करता है ॥८३॥

पुण्याय तीर्थसेवा
निरयाय श्वपचसदननिधनगतिः ।
पुण्यापुण्यकलङ्क-
स्पर्शाभावे तु किं तेन ॥८४॥

तीर्थ-सेवा = तीर्थों पर जाना
पुण्याय = पुण्य का कारण माना जाता है (और)
श्वपच-सदन= चमार के घर में
निधन-गतिः = मरना
निरयाय = नरक में जाने का हेतु माना जाता है,

तु = किंतु
पुण्य-अपुण्य- = पुण्य तथा पाप
कलंक-स्पर्श= के दोश से
अभावे = अछूता रहने पर (इस योगी को)
तन = (गतानुगतिक) अर्थात् लीक से चले आते हुए अंधविश्वास से
किम् = क्या लाभ है॥८४॥

तुषकम्बुकसुपृथक्कृत-
तंडुलकणतुषदलान्तरक्षेपः ।
तंडुलकणस्य कुरुते
न पुनस्तद्रूपतादात्म्यम् ८५॥
तद्वत् कंचुकपटली-
पृथक्कृता संविदत्र संस्कारात् ।
तिष्ठन्त्यपि मुक्तात्मा
तत्स्पर्शविवर्जिता भवति ॥८६॥

यथा = जैसे
तुष = भूसी (और)
कंबुक- = कंबु (चावल के ऊपर ठहरी हुई महीन झिल्ली) से
सुपृथक्कृत- = अलग किये गए
तडुंल-कण- = चावल के दाने को
तुष-दल- = भूसी रूप अपद्रव्य
अन्त:-क्षेप = में डालने से (वह फोक)
तंडुल- = उस चावल के
कणस्य = दाने को (पुन:)
तद्रूप- = वही शाली का
तादात्म्यम् = रूप
न कुरुते = नहीं दे सकता है।
तद्वत् = वैसे ही
*कंचुक-पटली= षट् कंचुकों के आवरण से
पृथक्कृता = अलग करने पर
संवित् = चेतना
अत्र = इस शरीर में
संस्कारात् = पूर्व-संस्कार के कारण
तिष्ठन्ती = ठहरी हुई
अपि = भी
तत् = उस
स्पर्श = षट्-कंचुक के स्पर्श से
विवर्जिता = छूटी हुई
मुक्तात्मा = मुक्त
भवति = बनती है
॥८५-८६॥

कुशलतमशिल्पिकल्पित-
विमलीभाव: समुद्गकोपाधे: ।
मलिनोऽपि मणिरुपाधे-
विच्छेदे स्वच्छपरमार्थ: ॥८७॥

---

*नोट : माया, कला, विद्या, राग, काल तथा नियति को शैव-शास्त्र में 'षट्-कंचुक' कहते है।

एवं सद्गुरुशासन-
विमलस्थिति वेदनं तनूपाधेः ।
मुक्तमप्युपाध्यन्तर-
शून्यमिवाभाति शिवरूपम् ॥८८॥

कुशलतम-	= अति चतुर	एवम्	= इसी भाँति
शिल्पि-	= कारीगर मुनारे	वेदनम्	= शिष्य् सबन्धी ज्ञान
कल्पित-	= के द्वारा	सद्गुरु-	= सद्गुरु के
विमलीभाव:	= साफ किया हुआ	शासन-	= उपदेश से
मणि:	= रत्न,	विमल	= निर्मलता को
समुद्गक-	= डिबिया की	स्थिति	= प्राप्त हुआ
उपाधे	= उपाधि से	अपि	= भी
मलिन:	= मल्नि अर्थात् आच्छादित होने पर	तनु-उपाधे:	= शरीर रूपी बाधा से
अपि	= भी	मुक्तम्	= छूट कर (तथा)
उपाधे	= उस (डिबिया रूप) आवरण के	उपाधि-	= (दूसरे) शरीर रूपी
		अन्तर-	= बाधा से
विच्छेदे	= हटाने पर	शून्यम्	= रहित होकर
स्वच्छ-परमार्थ:	= तात्विक रूप से चमकीला ही होता है।	शिवरूपम् इव	= मानो शिव रूप ही
		आभाति	= बनता है
			॥७७-७८।

*इस कारिका मे 'इव' का तात्पर्य यह है कि योगी यदि इसी शरीर में ही मुक्त बना हुआ है तथापि शरीर-संबन्ध होने तक साक्षात् शिवरूपता उसे प्राप्त नहीं होती, देह कलना छूटने पर वह परमशिव ही वन जाता है। शिवसूत्रों में भी कहा है 'शिवतुल्यो जायते' - इति।

शास्त्रादिप्रमाण्याद्
अविचलितश्रद्धयापि तन्मयताम् ।
प्राप्तः स एव पूर्वं
स्वर्गं नरकं मनुष्यत्वम् ।८६।।

सः = वह (प्रमाता)
शास्त्र-आदि = शास्त्रों आदि में कहे हुए या
प्रामाण्यात् = किसी सद्गुरु के उपदेश से प्राप्त प्रमाणों के द्वारा
अपि = अथवा
पूर्वम् = पहिले (जीवित दशा में) ही
अविचलित = (मन की) दृढ़
श्रद्धया = लग्न से
तन्मयताम् = (मरने के बाद प्राप्त किये जाने वाले स्वर्ग, नरक या मनुष्य-भाव के) तादात्म्य को

प्राप्तः = पहुँचा हुआ (पुनर्जन्म में उसी मानसिक संकल्प के बल से)
स्वर्गम् = स्वर्ग, सुख
नरकम् = नरक, दुःख (और)
मनुष्यत्वम् = मनुष्यभाव (सुख-दुःख के मिले जुले रूप) को
*प्राप्नोति = प्राप्त करता है ।।८६।

---

*इस कारिका में 'प्राप्नोति' इस क्रिया का अध्याहार करना पडता है ।

अन्त्यः क्षणस्तु तस्मिन्
पुण्यां पापां च वा स्थितिं पुष्यन् ।
मूढानां सहकारी-
भावं गच्छति गतौ तु न स हेतुः ॥९०॥

तस्मिन् = उस (अन्तिम) क्षण में
पुण्याम् = पुण्य
वा = अथवा
पापाम् = पाप
च = भी
स्थितिं = अच्छी गति अथवा बुरी गति की
पुष्यन् = पुष्टि करता है । (किन्तु)
अन्त्यः क्षणः = वह मृत्युक्षण

मूढानां = अज्ञानियों को ही तदनुकूल गति प्रदान करने में
सहकारी-भावम् = सहायक
गच्छति = बनता है ।
तु = परन्तु (ज्ञानी के लिए)
सः = वह मृत्यु-क्षण
गतौ = ऊर्ध्व-गति अथवा अधोगति प्रदान करने में
हेतुः = कारण
न = नहीं बनता है॥९०।

भाव यह है कि ज्ञानी का मुक्त होना स्वात्म-साक्षात्कार करने पर ही आधारित है। वह तो तात्त्विक ज्ञान-प्राप्ति के समय ही सभी बन्धनों से मुक्त हो जाता है। उसे मृत्यु-क्षण में भगवत् स्मृति का छूटना, हिचकियां आदि देह-संबन्धी विकार अधोगति का कारण नहीं बनते हैं और न ही अन्त समय में अन्न-दान, नाम-स्मरण, गंगा-जल का पीना अथवा तीर्थ-स्थान में शरीर का त्यागना ऊर्ध्व-गति का कारण बनता है। यह सभी बाह्य-व्यवहार तो अज्ञानियों को ही स्वर्गादि प्राप्ति में सहायक बनते हैं।

येऽपि तदात्मत्वेन विदुः
पशुपक्षिसरीसृपादयः स्वगतिम् ।
तेऽपि पुरातनसंबोध-
संस्कृतास्तां गतिं यान्ति ।।९१।।

ये	= जो	ते अपि	= वे भी
[1]पशु-	= पशु,	पुरातन-	= पिछले जन्मों में प्राप्त
[2]पक्षि-	= पक्षी,	संबोध	= ज्ञान के
[3]सरीसृपादयः	= सांप आदि (जीव-जन्तु)	संस्कृताः	= संस्कार से युक्त होने के कारण
अपि	= भी	तां	= उस (मोक्ष रूप)
तत्-आतमत्वेन	= ईश्वर रूप होने के कारण	गतिम्	= अवस्था को
स्वगतिम्	= अपने अवलम्ब को	याँति	= प्राप्त करते है।।९१।।
विदुः	= जानते है		

1'पशु'-इस शब्द से यहाँ पर गजेन्द्र अथवा जडभरत का अभिप्राय है। ये दोनों पशु-शरीर को धारण करते हुए भी, पूर्व-जन्म के संस्कार की स्मृति के द्वारा अन्तिम क्षण पर नाम-स्मरण के कारण मुक्त हो गये थे।

2'पक्षि' - इस शब्द से काकभुशण्डी का अभिप्राय है। उसको कौवे के शरीर में ही पूर्व-स्मृति के द्वारा मुक्ति मिली थी।

3'सरीसृप'-यह शब्द राजा नहुष अथवा राजा नृग की ओर संकेत करता है। इन में से नहुष ऋषि-शाप के द्वारा सर्पशरीर और नृग को गिरगिट का शरीर प्राप्त हुआ था। दोनों को ऐसे शरीर धारण करते हुए भी नामस्मरणा के प्राचुर्य से तथा पूर्व संस्कार के कारण मुक्ति हुई थी।

स्वर्गमयो निरयमय-
स्तदयं देहान्तरालगः पुरुषः ।
तद्भङ्गे स्वौचित्याद्
देहान्तरयोगमभ्येति ॥९२॥

तत्	= अतः (अपनी वासना के अनुसार),	तत्	= उस देह के
देह-	= देह	भङ्गे	= नष्ट होने पर
अन्तरालगः	= में प्रविष्ट हुआ	स्व-	= अपनी कर्म वासनाओं के
अय	= यह	औचित्यात्	= स्तर के अनुसार
पुरुषः	= पुरुष	देह-अन्तर	= और और देहों के
स्वर्गमयः	= सुखी (या)	योगम्	= संबन्ध को
निरयमयः	= दुःखी होता है।	अभ्येति	= प्राप्त करता है॥९२॥

एवं ज्ञानावसरे
स्वात्मा सकृदस्य यादृगवभातः ।
तादृश एव सदासौ
न देहपातेऽन्यथा भवति ॥९३॥

एवं	= इस प्रकार	तादृशः	= उसी अनुभव से संपन्न बना हुआ
ज्ञान-	= ज्ञान प्राप्ति के	असौ	= वह योगी
अवसरे	= क्षण में	सदा एव	= सदा ही रहता है
अस्य	= इस उत्तम योगी को	देह-पाते	= शरीर त्यागने पर
स्वात्मा	= अपना चित्-स्वरूप	अन्यथा	= चित् रूप से भिन्न
यादृक्	= जैसा	न भवति	= नहीं रहता (अर्थात् मुक्त बनता है॥९३॥
अवभातः	= अनुभव में आया हो		

करणगणसंप्रमोषः
स्मृतिनाशः श्वासकलिलताच्छेदः ।
मर्मसु रुजाविशेषाः
शरीरसंस्कारजो भेगः ॥९४॥

स कथं विग्रहयोगे
सति न भवेत्तेन मोहयोगेऽपि ।
मरणावसरे ज्ञानी
नच्यवते स्वात्मपरमार्थात्॥९५॥

शब्द		अर्थ
करण-गण	=	इन्द्रिय-वर्ग का
संप्रमोषः	=	अपनी अपनी सुध में न रहना
स्मृति-	=	स्मरण-शक्ति
नाशः	=	खो बैठना
श्वास	=	साँस
कलिलता-	=	ठीक-ठीक
च्छेदः	=	न चलना
रुजा-विशेषा	=	विशेष रोगों का होना
शरीर-संस्कारजः	=	शरीर संस्कार से उत्पन्न हुआ
भोगः	=	मरने के समय होने वाला मृत्यु-भोग
विग्रह-योगे	=	शरीर के धारण
सति	=	करने पर

शब्द		अर्थ
कथम्	=	भला क्योंकर (ज्ञानी को भी)
न	=	नहीं
भवेत्	=	प्राप्त होगा ।
किंतु	=	किंतु
मरण-	=	मृत्यु के
अवसरे	=	समय
मोह-योगे	=	मोह-योग अर्थात् वर्णित कष्ट-पूर्ण दशाओं के होने पर
ज्ञानी	=	वह ज्ञानी
स्वात्म	=	अपने
परमार्थात्	=	वास्तविक स्वरूप से
न	=	कभी भी नहीं
च्यवते	=	डिगता। अर्थात् उसे अपना निजी स्वरूप कभी नहीं भूलता ॥९४-९५।

परमार्थमार्गमेनं
झटिति यदा गुरुमुखात्समभ्येति ।
अतितीव्रशक्तिपातात्
तदैव निर्विघ्नमेव शिवः ॥९६॥

(यह योगी)		परमार्थ	= मोक्ष रूपी
यदा	= जभी	मार्गं	= मार्ग को
अति-तीव्र	= तीव्रतम	समभ्येति	= प्राप्त करता है
शक्तिपातात्	= ईश्वर-अनुग्रह से, तथा	निर्विघ्नम्	= बिना रोक टोक के
गुरु-मुखात्	= प्रवीण सद्गुरु के उपदेश से	शिवः	= शिव-भाव को
झटिति	= आंख की पलक में	एव	= प्राप्त करता है ॥९६॥
एनम्	= इस		

सर्वोत्तीर्णं रूपं
सोपानपदक्रमेण संश्रयतः ।
परतत्त्वरूढिलाभे
पर्यन्ते शिवमयीभावः ॥९७॥

*सोपान-पद	= सीढ़ी की पोढ़ियों की भाँति (सिलसिलेवार)	पर-तत्त्व	= परमेश्वर का
क्रमेण	= कन्द, हृदय, भ्रूमध्य आदि स्थानों के क्रम से	रूढ़ि-लाभे	= स्थैर्य प्राप्त करने पर
सर्व-उत्तीर्णं	= सब से श्रेष्ठ पारमार्थिक	पर्यन्ते	= अन्त में अर्थात् शरीर के छूटने पर
रूपम्	= रूप का	शिवमयी-भावः	= शिवावस्था प्राप्त होती है ॥९७॥
संश्रयतः	= आश्रय लेने वाले पुरुष को		

*यहाँ पर 'सोपान पद' शब्द से यह समझना आवश्यक है कि ज्ञानी कहीं भी विश्राम करने के बिना आगे बढ़ता जावे नहीं तो बीच में ही रुक जाने पर योग-भ्रष्ट' बनने का भय होता है।

तस्य तु परमार्थमयीं
धारामगतस्य मध्यविश्रान्तेः ।
तत्पदलाभोत्सुक-
चेतसोऽपि मरणं कदाचित्स्यात् ॥९८॥

योगभ्रष्टः शास्त्रे
कथितोऽसौ चित्रभोगभुवनपतिः ।
विश्रान्तिस्थानवशाद्
भूत्वा जन्मान्तरे शिवी भवित ॥९९॥

तत्-पद-लाभ = उस पारमार्थिक स्वरूप लाभ की
उत्सुक- = तीव्र उत्कंठा से युक्त
चेतसः = हृदय वाला होन पर
अपि = भी
मध्य-विश्रान्तेः = किसी नियमित विज्ञानाकल आदि अवस्था में ही ठहरने के कारण
परमार्थमयीं = पारमार्थिक स्वरूप प्रधानमय
धाराम् = पराकाष्ठा पर
अगतस्य = पहुंचे हुए
तस्य = उस साधक को
कदाचित = किसी समय
मरणम् = मृत्यु
स्यात = हो जाये
असौ = ऐसे साधक व्यक्ति को
शास्त्रे = शास्त्रों में

योग भ्रष्टः = योग-भ्रष्ट
कथितः = कहा गया है (जो कि मृत्यु के बाद स्वर्गादि में जाकर)
चित्र = नाना प्रकार
भोग-भुवन-पति = ऐश्वर्य-भोगों से परिपूर्ण भुवनों का स्वामी
भूत्वा = बन कर (स्वर्ग से लौटने पर)
जन्मान्तरे = दूसरे जन्म में
विश्रांति-स्थान-वशात् = पूर्व-जन्म में अधूरे छोडे हुए अभ्यास के धागे को फिर से पकड कर
शिवी = शिव ही
भवति = बनता है

॥९८-९९॥

परमार्थमार्गमेनं
ह्यभ्यस्याप्राप्य योगमपि नाम ।
सुरलोकभोगभागी
मुदितमना मोदते सुचिरम् ॥१००॥*

हि	= यत:			
एनम्	= इस			
परमार्थमार्ग-	= मोक्ष को देने वाले मार्ग का		(यह मुमुक्ष योगी)	
अभ्यस्य	= अभ्यास करके अर्थात् आणव, शाक्त आदि क्रम का अनुपालन करके		सुर-लोक	= स्वर्ग-लोक के
योगम	= स्वरूप-स्थिति को		भोग-	= दिव्य भोगों को
अप्राप्य	= न पाकर		भागी	= भोगता हुआ
अपि	= भी		मुदित-मना	= हर्षपूर्ण बन कर
नाम	= तो		सुचिरम्	= बहुत काल तक
			मोदते	= आनन्द लूटता है॥१००॥

विषयेषु सार्वभौम:
सर्वजनै: पूज्यते यथा राजा ।
भुवनेषु सर्वदेवै-
र्योगभ्रष्टस्तथा पूज्य : ॥१०१॥

---

*इस श्लोक में भगवत्-भक्ति का महत्व प्रदर्शन करते हुए कहते हैं कि यदि कोई मुमुक्षु भरसक अभ्यास करने पर भी अपने तात्त्विक स्वरूप-लाभ को न प्राप्त करे तो भी उसकी साधना निष्फल नहीं होती । मृत्यु के पश्चात् वह स्वर्गादि दिव्य लोकों में जाकर बहुत समय तक आनन्द भोगता है।

विषयेषु	= सभी भुवन-मंडलों में
सर्वाभौम:	= चक्रवर्ती
राजा	= राजा
यथा	= जैसे
सर्वजनै:	= सभी लोगों के द्वारा
पूज्यते	= पूजा जाता है,
तथा	= वैसे ही
भुवनेषु	= सभी स्वर्ग आदि दिव्य लोकों में
*योग-भ्रष्ट:	= योगभ्रष्ट (भी)
सर्वदेवै:	= सब देवताओं के द्वारा
पूज्य:	= पूजनीय बनता है॥१०१॥

महता कालेन पुन-
मार्नुष्यं प्राप्य योगमभ्यस्य ।
प्राप्नोति दिव्यममृतं
यस्मादावर्तते न पुन: ॥१०२॥

(स्वर्ग आदि लोको में दिव्य भोगों को भोगने के उपरान्त)

पुन:	= फिर
महता कालेन	= बहुत समय के अनन्तर
मानुष्यं	= (योग-अभ्यास के योग्य) मनुष्य देह को
प्राप्य	= पा कर
योगम्	= योग का
अभ्यस्य	= अभ्यास करके
दिव्यम्	= अलौकिक (मौक्ष रूप)
अमृतम्	= अमृत को
प्रापनोति	= प्राप्त करता है।
यस्मात्	= जिस के फल-स्वरूप
पुन:	= दुबारा (इस विश्व में)
न	= नहीं
आवर्तते	= लौटता अर्थात् जन्म-मरण के चक्र से छूट जाता है॥१०२॥

*'योगभ्रष्ट' उस योगी का नाम है जिसे अभ्यास करते हुए सांसारिक भोगों के भोगने की वासना बनी रहे। इसी वासना के फल-स्वरूप वह स्वर्गादि लोकों को प्राप्त करता है।

तस्मात् सन्मार्गेऽस्मिन्
निरतो यः कश्चिदेति स शिवत्वम् ।
इति मत्वा परमार्थे
यथा तथापि प्रयतनीयम् ॥१०३॥

तस्मात्	= (अतः) इस लिए	एति	= प्राप्त करता है
अस्मिन्	= इस	इति	= ऐसा
सन्मार्गे	= कल्याण-मार्ग में	मत्वा	= मान कर
यः	= जो	परमार्थे	= स्वरूप-साक्षात्कार के लिए
कश्चित्	= कोई भी	यथा-तथापि	= जैसे भी हो वैसे
निरतः	= लगा हुआ हो	प्रयतनीयम्	= प्रयत्न-पूर्वक (रुकने के बिना) आगे बढना चाहिए॥१०३॥
सः	= वह		
शिवत्वम	= शिव-भाव को ही		

इदमभिनवगुप्तोदित-
संक्षेपं ध्यायतः परं ब्रह्म ।
अचिरादेव शिवत्वं
निजहृदयावेशमभ्येति ॥१०४॥

अभिनवगुप्त-उदितम्-संक्षेप	= अभिनवगुप्त द्वारा नपे-तुले शब्दों में कहे गये	निज	= अपने (चिन् आनन्द रूपी)
इदं	= इस	हृदय-	= हृदय में
परं ब्रह्म	= उत्तम ब्रह्म-ज्ञान का	आवेशम्	= व्याप्त
ध्यायतः	= विमर्श करने वाला पुरुष	शिवत्वम्	= शिव-भाव को
		अचिरादेव	= थोड़े ही समय में अर्थात् शीघ्र
		अभ्येति	= प्राप्त करता है॥१०४॥

आर्याशतेन तदिदं
संक्षिप्तं शास्त्रसारमतिगुढम् ।
अभिनवगुप्तेन मया
शिवचरणस्मरणदीप्तेन ॥१०५॥

शिव-	= भगवान् शंकर के	इदम्	= इस
चरण-	= ज्ञान-क्रिया रूप चरणों का	अतिगूढम्	= पूर्णरूप में रहस्य से भरे हुए
स्मरण	= विमर्श करने से	शास्त्रसारम्	= शास्त्रों का सार बने हुए 'परमार्थ सार को
दीप्तेन	= प्रज्वलित बने हुए	आर्या-शतेन	= सौ 'आर्या' नाम वाले छन्दों में
मया	= मुझ	संक्षिप्तम्	= नपे-तुले शब्दों में रचा है॥१०५॥
अभिनवगुप्तेन	= अभिनवगुप्त ने		
तत	= उसी		

--००--